ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 10-03-2023

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-03-10 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-03-11	2023-03-12	2023-03-13	2023-03-14	2023-03-15
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	5.0
अधिकतम तापमान(से.)	18.0	18.0	19.0	18.0	17.0
न्यूनतम तापमान(से.)	7.0	7.0	8.0	7.0	6.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	65	70	75	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	30	35	35
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	320	320	230	130	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	2	6	5

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, 14-15 मार्च को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी एवं हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 17.0 से 18.0 व 6.0 से 7.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-8.0 किमी/ घंटे की गति से पूर्व दक्षिण पूर्व, पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है

सामान्य सलाहकार:

तापमान में उच्च दिनचर परिवर्तन ठंड और फ्लू के प्रसार के लिए अनुकूल है। लोगों (गों गों गों गों विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों) को तापमान में दैनिक भिन्नता से बचाने के लिए सुबह / रात के समय ऊनी / गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी जाती है। उच्च तापमान के कारण कृषि क्षेत्र/बागों के लिए मिट्टी की नमी में कमी की उच्च संभावना है, इसलिए किसानों को उच्च तापमान के प्रभाव को कम करने के लिए फसलों/लोंलोंलों लों लों लों लोंलों बा लों लों गों की सिंचाई करने की सलाह दी जाती है। आईएमडी मौसम पूर्वानुमान और आपके स्थान की कृषि मौसम संबंधी सलाह अब मेघदूत मोबाइल ऐप पर अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। कृपया निम्न लिंक से डाउनलोड करें: एंड्रॉयड: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aas.meghdoot आईओएस: https://apps.apple.com/in/app/meghdoot/id1474048155

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 14-15 मार्च को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी एवं हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	फसल में पुष्पन अवस्था में सिंचाई करें। असिंचित फसल में पुष्पन अवस्था से पूर्व यूरिया के 2 प्रतिशत घोल 20 ग्राम यूरिया प्रति लीटर पानी का पर्णीय छिड़काव करना लाभप्रद सिद्ध होगा।
सरसों	सरसों की फसल की कटाई एवं मड़ाई करें।
जौ	किसान भाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान मे रखते हुए फसलो मे सिंचाई करें। झुलसा रोग का प्रकोप होने पर 50 ग्राम /15 लीटर पानी की दर से 1 नाली में उाले। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आलू	घाटियों में आलू में झुलसा रोग से बचाव के लिए 0.25 प्रतिशत इण्डोफिल-45 का घोल बनाकर छिड़काव करें, सिंचाई करें व 50 किग्रा यूरिया/है की दर से खड़ी फसल में डालें। खेत की तैयारी के समय 200 कुन्तल गोबर की सड़ी खाद डाले तथा उपलब्धतानुसार आखिरी जुताई पर रासायनिक उर्वरक का भी प्रयोग करें तथा 60 सेमी. की दूरी पर मेड़ बनाकर इन पर 15 सेमी की दूरी पर बीज बोयें।
राजमा/ लोबिया	लोबिया की बुवाई करें।
बैंगन	बैगन की फसल मे निराई-गुडाई करे।
शिमला मिर्च	घाटियों में तैयार पौधालय में 1-1.5 किग्रा बीज/है0 की दर से इसकी बुवाई करें।
टमाटर	खेत में लगी टमाटर की फसल में, पछेती झुलसा का प्रकोप होने पर, मैनकोजेब 64% + सायमोक्सैनिल 8% डब्ल्यूपी का 2.5 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशुओं के बैठने का स्थान समतल होता चाहिए ताकि उनकी उत्पादन क्षमता प्रभावित न हो तथा इस समय नवजात पशुओं के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दें। बैठने का स्थान समतल ना होने पर पशु खड़ा रहेगा जिससे वह तनाव में आ सकता है और उत्पादन क्षमता प्रभावित होगी।
बकरा	भेड़ व बकरियों में चेचक नामक बीमारी से बचाव हेतु भेड़/बकरी पाँक्स नामक टीका लगवायें